**Attachement 2.3**

# संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट

**परियोजना का नाम** जनपद चमोली में कुलसारी– नेल –ढालू मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 2.246 हे0 सिविल, 0.042 हे0 वन पंचायत, कुल 2.288 हे0 वन भूमि का लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरण प्रस्ताव।

आज दिनाँक 17/11/2017 को लोक निर्माण विभाग के द्वारा जनपद चमोली में कुलसारी– नेल –ढालू मोटर मार्ग हेतु स्थल निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय वन विभाग की ओर से श्री माखनलाल, वन दरोगा, राजस्व विभाग की ओर से श्री देवी प्रसाद पुरोहित, राजस्व उपनिरीक्षक नलगांव, प्रस्तावक विभाग की ओर से श्री नन्दन कुमार, सहायक अभियन्ता, श्री संदीप खाली, कनिष्ठ अभियन्ता, अन्य दावेदारों की ओर से क्षेत्रपंचायत सदस्य तथा स्थानीय प्रतिनिधि के रुप में ग्राम प्रधान अदरा, नैल, काखड़ा के द्वारा प्रश्नगत परियोजना को बनाने हेतु सर्वश्रेष्ठ स्थल/समरेखन के चयन तथा अन्य वैकल्पिक स्थलों/समरेखनो के चयन हेतु भाग लिया गया ।

संयुक्त निरीक्षण में पाया गया कि सामाजिक आवश्यकता, परिस्थितिक आवश्यकता, आर्थिक मितव्यता तथा तकनीकी आवश्यकता के दृष्टि से जो समरेखन/स्थल सर्वथा उपयुक्त पाया गया है उसमें 1960 (मी0) नाप भूमि से, 2230 (मी0) सिविल भूमि से, 60 ( मी0) वन पंचायत से, वन भूमि प्रभावित होगी एवं इस समरेखण/स्थल के चयन में कुल 1.764 हे0 नाप भूमि, 2.246 हे0 सिविल, 0.042 हे0 वन पंचायत, वन भूमि की आवश्यकता होगी। जिनमें से कुल 2.288 हे0 भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी । इस समरेखन पर /चुने गये स्थल पर लगभग 94 वृक्ष तिमला, बांज, मेहल, अखरोट, चीड़, काफल, खड़ीक, कचनार, सुरई, तुन, बकैन प्रजाति के इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे, जिनमें से 1 बांज प्रजाति के प्रभावित होंगे।

इस समरेखण के तुलना में जो वैकल्पिक समरेखण देखे गये उसमें 1800 मी0 नाप भूमि, 3000 मी0 सिविल वन भूमि, 825 मी0 वन पंचायत भूमि, प्रभावित होगी एवं इस समरेखण/स्थल के चयन में कुल 1.620 हे0 नाप भूमि, 2.915 हे0 सिविल, 0.577 हे0 वन पंचायत, वन भूमि की आवश्यकता होगी। जिनमें से कुल 3.492 हे0 भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी । इस समरेखन पर /चुने गये स्थल पर लगभग 198 वृक्ष तिमला, बांज, मेहल, अखरोट, चीड़, काफल, खड़ीक, कचनार, सुरई, तुन, बकैन प्रजाति के इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे, जिनमें से 48 बांज प्रजाति के प्रभावित होंगे।

अतः परियोजना के निर्माण हेतु चयनित विकल्प संख्या प्रथम के वन भूमि के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक एवं उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं है तथा इस चुने गये वन भूमि की मांग न्यूनतम है।

प्रभावित होने वाली नाप भूमि पर प्रजाति के वन हैं एवं प्रभावित होने वाली सिविल तथा वन पंचायत भूमि पर प्रजाति के .वन हैं जिनका वर्तमान वन आच्छादन 0.042 है। चुने गये समरेखन का प्रारम्भ होने के स्थल का जी0पी0एस0 मान 30 5′ 17.88″ उ0, 79 27′ 24.17″ पू0 है तथा यह स्थल कुलसारी–आलकोट–बज्वाड़ मोटर मार्ग के किमी0 1 से प्रारम्भ होता है तथा समरेखण का अन्तिम स्थल ग्राम नैल है जिसका जी0पी0एस0 मान 30 4′ 37.94″ उ0, 79 27′ 25.51″ पू0 है। चुने गये समरेखण/स्थल के बीच के स्थलों के जी0पी0एस0 मान 30 5′ 3.42″ उ0, 79 27′ 39.53″ पू0, 30 4′ 45.25″ उ0, 79 27′ 52.93″ पू0 हैं।

चयनित समरेखन में शून्य पौधों को अन्य स्थानन्तरित (translocate) किया जाना आवश्यक होगा । चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण किसी राष्ट्रीय पार्क/वन्य जीव अभ्यारहण्य का हिस्सा नही है । चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण के चयन से ग्रामवासियों के परम्परागत अधिकारों का हनन नही होगा ।

इस समरेखण पर उक्त परियोजना के निर्माण के दौरान जो मलवा उत्सर्जित होगा उसके निस्तारण हेतु किम0 1, 2 , 3 व 4 में स्थल उपयुक्त पाये गये हैं जिनका जी0पी0एस0 मान 30 5′ 16.65″ उ0, 79 27′ 25.78″ पू0, 30 5′ 11.47″ उ0, 79 27′ 34.97″ पू0, 30 4′ 55.14″ उ0, 79 27′ 57.28″ पू0, 30 4′ 45.74″ उ0, 79 27′ 52.86″ पू0, 30 4′ 45.86″ उ0, 79 27′ 28.78″ पू0 हैं।

खण्डीय अमीन

कनिष्ठ अभियन्ता

सहायक अभियन्ता

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0वि0
थराली, (चमोली)

राजस्व उपनिरीक्षक
राजस्व उप निरीक्षक कुलसारी
तहसील थराली
जनपद चमोली

तहसीलदार

उपजिलाधिकारी
उपजिलाधिकारी
थराली

जिलाधिकारी

वन क्षेत्राधिकारी
मध्य पिण्डर रेंज थराली
(वन विभाग प्रतिनिधि)
बद्रीनाथ वन प्रभाग गोपेश्वर

प्रति हस्ताक्षरित
प्रभागीय वनाधिकारी
प्रभागीय वनाधिकारी
बद्रीनाथ वन प्रभाग गोपेश्वर
(चमोली)

19/03/2019
तहसीलदार
थराली